# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 2 अप्रैल, 2015/12 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 48**

----

### सडकों की डी0पी0आर0

***1921 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग के निरमण्ड मण्डल के अन्तर्गत आउटर सिराज में किन-किन सड़कों की DPR बनाई गई तथा कितनी स्वीकृति हेतु भेजी गई; और

(ख) दिनांक 15.2.2015 तक DPR स्वीकृति हेतु लम्बित हैं; इनकी स्वीकृति कब तक मिल जाएगी; ब्यौरा दें ?

----

### Biotechnology Park

***1922 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the present status of proposed Biotechnology Park at Village Aduwal in Nalagarh Assembly Constituency; and

(b) by when the process will be completed ?

----

## भूमि का हस्तान्तरण

*1923 **श्री राम कुमार (दून)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला सोलन के गोयला में बनने वाले पावर हाऊस के लिए भूमि हस्तान्तरण की प्रक्रिया किस स्तर पर लम्बित है; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा ?

----

## शिमला-रोहडू सड़क की अद्यतन स्थिति

*1924 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) शिमला-रोहडू वाया कोटखाई-जुब्बल सड़क कब बनी थी; और

(ख) यह सत्य है कि सड़क को ठियोग से रोहडू तक चौड़ा किया जा रहा है; यदि हां, तो कौन सी कम्पनी कार्य कर रही है; कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## मण्डी का निर्माण

*1925 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) इन्दौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार क्या अनाज मण्डी, सब्जी मण्डी तथा प्रोसैसिंग प्लांट खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## नई योजनाओं की स्वीकृति

*1926 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पंचायतों को मनरेगा के अन्तर्गत नए कार्य करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## नए महाविद्यालय की स्थापना

***1927 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश में कितने नये महाविद्यालय खोले गये; ब्यौरा दें;

(ख) इनमें क्या दिनांक 15.2.2015 तक भवन, आधारभूत ढांचा, शिक्षक कर्मचारी व गैर-शिक्षक कर्मचारी उपलब्ध करवा दिये गये हैं; ब्यौरा महाविद्यालयवार दें;

(ग) यदि नहीं, तो यह कब तक उपलब्ध करवा दिये जायेंगे; और

(घ) दिनांक 15.2.2015 तक प्रदेश के महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के प्रवक्ताओं के कितने-कितने पद रिक्त हैं और सरकार द्वारा इन्हें भरने के लिए कितनी बार हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को requisition भेजी गई व कितने पद भरे गए; ब्यौरा विषयवार दें?

----

## सड़कों के निर्माण हेतु धनराशि की स्वीकृति

***1928 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2003 से 2006 तक H.P. State Marketing Board द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई थी; ब्यौरा स्वीकृत की गई सड़कों के नाम, राशि व कार्यान्वयन एजैन्सी का जिलावार दें;

(ख) बोर्ड ने क्या इन सड़कों को स्वीकृति प्रदान करने से पूर्व Forest Clearance प्राप्त की थी; यदि हां, तो उन सड़कों का विवरण दें; और

(ग) विभाग को क्या उपरोक्त स्वीकृत कार्यों के लिए खर्च की गई धनराशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गए हैं और कितनी धनराशि कार्यकारी अभिकरणों के पास unspent पड़ी है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क निर्माण

*1929 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कनाहल से बजाथल सड़क का सर्वे हो चुका है और इस सड़क निर्माण में एक भी पेड़ का कटान नहीं होगा;

(ख) यह भी सत्य है कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने वर्ष 2012 की CWP संख्याः 5600 पर दिनांक 06-09-2014 को निर्णय देते हुए विभाग को इस कार्य को एक वर्ष के भीतर पूरा करने के आदेश दिए थे; और

(ग) यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा कितनी राशि इस पर व्यय होगी और वर्तमान में इस कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## आई0 टी0 आई0

*1930 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क) वर्तमान में प्रदेश में कितने I.T.I चल रहे हैं; ब्यौरा नाम सहित तहसील व जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या तीसा भन्जराडू में I.T.I खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

*1931 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना और नाबार्ड के अन्तर्गत विभिन्न सड़कों विशेषकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 पर लगाए गए कंक्रीट के पैरापिट सब-स्टैंडर्ड हैं; अधिकांश बिना फाऊंडेशन के लगाए गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो सब-स्टैंडर्ड कार्य करने वाले ठेकेदार और सम्बन्धित अधिकारी जिन्होंने यह कार्य पास किए; उनके विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई; विवरण दें ?

----

## बस सेवा

***1932 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत दो वर्षों में पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत HRTC ने कितने नए रूटों पर बस सेवा कब-कब आरम्भ की; ब्यौरा रूटवार दें; और

(ख) वर्तमान में कितने रूट घाटे में चल रहे हैं; ब्यौरा रूटवार दें ?

----

## भवन निर्माण

***1933 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) अर्की विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, लोहारघाट, चाखड़, बुघार तथा बसन्तपुर के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) दिनांक 15-02-2015 तक कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें ?

----

## आई0 टी0 आई0 शिलाई

***1934 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि शिलाई आई0टी0आई0 भवन के निर्माण का शिलान्यास हो चुका है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## अध्यापकों के स्थानान्तरण

***1935 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला हमीरपुर के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कक्कड़ में कितने अध्यापक कार्यरत हैं; और

(ख) गत एक माह में इस पाठशाला से कितने अध्यापकों के स्थानान्तरण किए गए; ब्यौरा दें ?

----

## सब्ज़ी मण्डी की स्थापना

*1936 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या सरकाघाट में सब्ज़ी मण्डी की स्थापना करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## कार्यरत निगम/बोर्ड

*1937 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कुल कितने निगम/बोर्ड कार्यरत हैं;

(ख) इनमें से कितने घाटे में चल रहे हैं; ब्यौरा निगम/बोर्डवार दें; और

(ग) क्या सरकार घाटे में चल रहे निगमों/बोर्डों का विलय करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## Creation of Posts

*1938 **Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

presently how many posts of different categories have been created in Department of Agriculture in Nurpur Assembly Constituency; how many of these posts are lying vacant and since when?

----

## करूणामूलक आधार पर रोज़गार

*1939 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्रीमती आशा कुमारी (डलहौजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक सरकार ने विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों में कितने लोगों को करूणामूलक आधार पर नौकरियां दीं; विभागशः ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में कितने लोग शेष हैं जिन्हें अभी नौकरियां नहीं मिली हैं और कितने मामले निरस्त किए गए; ब्यौरा विभागशः दें; और

(ग) वर्तमान में करूणामूलक आधार पर नौकरी प्राप्त करने के लिए आय की क्या सीमा निर्धारित है?

----

## Hybrid Seeds

***1940 Shri Ravi Thakur ( Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that farmers of Lahaul have demanded Hybrid seeds for better vegetable produce from abroad; if yes, what steps have been taken by the Department;

(b) whether it is also fact that department has taken steps to provide improved pesticides, insecticides & herbicides from good companies to the farmers; if so, details be given; and

(c) keeping in view the increased demand from the farmers has department proposed for more power sprayers, power tillers, sprinklers etc. to be distributed amongst the farmers?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***1941 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला आयुर्वैदिक अस्पताल कुल्लू और कटराईं में कितने चिकित्सकों के पद सृजित हैं; इनमें से कितने भरे व रिक्त हैं;

(ख) इन स्वास्थ्य संस्थानों में किस-किस आयुर्वैदिक प्रक्रिया द्वारा ईलाज किया जाता है; ब्यौरा दें;

(ग) इन दोनों में गत एक वर्ष में क्रमशः कितनी-कितनी OPD और IPD रोगियों की संख्या थी; ब्यौरा माहवार दें; और

(घ) वर्तमान में मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं?

----

## लिखित परीक्षा

***1942 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लिपिक के पद पर 20% कोटा निर्धारित है;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा नहीं ली गई है; और

(ग) यदि हां, तो बोर्ड द्वारा कब तक लिखित परीक्षा ली जाएगी; ब्यौरा दें ?

----

## अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण

***1943 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग को सभी विभागों व उच्च शिक्षण संस्थानों में एक समान आरक्षण देने का विचार रखती है ?

----

## पाठशालाओं हेतु धनराशि

***1944 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंदला, रघुनाथपुरा, Boys बिलासपुर, Girls बिलासपुर, घाघस, पंजगाई, बरमाणा, ग्वालमुकाणी, हवाण, कूहमझवाड़, तलयाणा, कुठेड़ा, नाल्टी, चलैहली, कन्दरौर व चांदपुर तथा राजकीय उच्च विद्यालय धारटटोह, बल्ककाघाट व तलवाड़ा पाठशालाएं कब-कब बनीं; और

(ख) इन पाठशालाओं के भवन के लिए कितनी-कितनी धनराशि कब-कब जारी की गई; ब्यौरा दें ?

----

## धनराशि की अदायगी

***1945 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक प्रथम अक्तूबर, 2014 से जिला चम्बा के अन्तर्गत चुवाड़ी शिक्षा खण्ड के कितने केन्द्रीय मुख्य अध्यापकों को वेतन नहीं दिया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन्हें वेतन न देने के क्या कारण हैं; यह कब तक दे दिया जाएगा ?

----

## जोल-पीरथान पम्प हाऊस सड़क

***1946 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य सड़क से जोल-पीरथान पम्प हाऊस तक सड़क का निर्माण नाबार्ड के माध्यम से हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या निर्माण जोल-पीरथान पम्प हाऊस तक हो गया है; और

(ग) यह भी सत्य है कि इस सड़क में मैटलिंग व टारिंग मात्र दो माह में ही उखड़ गई है; यदि हां, तो ब्यौरा सड़क के निर्माण में विलम्ब और मैटलिंग के उखड़ने के कारणों सहित दें ?

----

## पाठशालाओं की स्थापना

***1947 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पिछले दो वर्षों में कितने स्कूल खोले/अपग्रेड किए गए; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इनकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है ?

----

## Low Voltage Problem

***1948 Shri Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government proposes to provide three phase Electricity by replacing single phase to resolve the Low Voltage Problem in Nalagarh Assembly Constituency;

(b) if so, how many hamlets will be provided with this facility; and

(c) how many new transformers are being installed?

----

## इमारती लकड़ी पर VAT/CST

*1949 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**
**श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आयातित इमारती लकड़ी पर वर्तमान में कितना VAT व CST लिया जा रहा है; सरकार क्या इसे अन्य प्रदेशों के बराबर करने का विचार रखती है ?

----

## सृजित पदों को भरना

*1950 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत क्या राजकीय प्राथमिक पाठशाला पलौता अपने भवन में संचालित हैं;

(ख) इस पाठशाला में अध्यापकों के कितने पद सृजित हैं; और

(ग) इनमें से कितने पद भरे हैं; कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें ?

----

## पंचायतों में आरक्षण

*1951 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सरकार की प्रदेश में पंचायतों के आरक्षण बारे क्या नीति है; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## ग्रेडिंग/पैकेजिंग हाऊस का निर्माण

*1952 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में Marketing Board ने प्रदेश में कितने CA Stores, Grading व Packing Houses का निर्माण किया है; और

(ख) सरकार द्वारा प्रदेश में कितने और CA Stores व Grading व Packing Houses का निर्माण कहां-कहां कितनी-कितनी क्षमता (Capacity) के प्रस्तावित है; इन पर कुल कितनी धनराशि व्यय होगी; ब्यौरा दें ?

----

## परिवहन सहकारी सभा की सदस्यता

***1953 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 31 दिसम्बर, 2014 तक अम्बूजा सीमेंट फैक्ट्री दाड़लाघाट में ढुलाई कार्य से जुड़ी एस0डी0टी0डी0 गोल्डन लैंड लूजर्ज परिवहन, बाघल लैंड लूजर्ज तथा ए0डी0के0एम0 परिवहन सहकारी सभाओं के कितने सदस्य थे; उसके उपरान्त कितने नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई; नाम सहित विवरण दें;

(ख) इन चारों परिवहन सहकारी सभाओं के सदस्यों के कुल कितने ट्रक अम्बूजा सीमेंट कम्पनी की ढुलाई का कार्य कर रहे हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ग) कश्लोग/दाड़लाघाट पंचायतों के कितने लोगों को कम्पनी द्वारा रोज़गार उपलब्ध करवाया है तथा इन पंचायतों में क्या-क्या कल्याणकारी कार्य किए गए; ब्यौरा दें ?

----

## सह-पुलिस कर्मचारियों की भर्ती

***1954 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या प्रदेश में सह-पुलिसकर्मी रखने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) सरकार जिला चम्बा के सीमान्त इलाकों में तैनात 14-16 वर्षों से S.P.O को सह-पुलिसकर्मी योजना के अन्तर्गत रखने का विचार करेगी; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार क्या इन तैनात S.P.Os को सीधे नियमित करेगी और क्या इनके नियमितीकरण का मामला भारत सरकार से उठाया है; ब्यौरा दें ?

----

## लालबत्ती की अधिसूचना

***1955 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हाल ही में सरकार द्वारा Red/Amber/Blue Light अपनी गाड़ी पर लगाने की अधिसूचना जारी की गई है; और

(ख) अभी तक इनका दुरूपयोग करने पर किस-किस के खिलाफ कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क मरम्मत

*1956 **श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत भूमती से वाया डाडल कुईरू-सहरोल-बसन्तपुर-पिपलूघाट सड़क तथा कुनिहार से नालागढ़ राज्य राजमार्ग की दयनीय स्थिति के दृष्टिगत इसके सुधार हेतु सरकार क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## पाठशालाओं में मूलभूत सुविधा

*1957 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक पाठशालाएं हैं; ब्यौरा दें; इनमें से कितनी पाठशालाओं में पेयजल व शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(ख) इन पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कौन-कौन से पद रिक्त हैं; और

(ग) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## सीर खड्ड पर पुल निर्माण

*1958 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में सीर खड्ड पर जाहू के समीप वैली पुल क्षतिग्रस्त हो गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा ?

----

## लम्बा डग विद्युत परियोजना

*1959 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ऊहल नदी पर बनने वाली लम्बा डग विद्युत परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## इन्दिरा गांधी स्टेडियम

*1960 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला ऊना के इन्दिरा गांधी ग्राऊंड में हॉकी का एस्ट्रोटर्फ ग्राऊंड बनाया गया है; यदि हां, तो इस पर कितना व्यय किया गया; और

(ख) यह भी सत्य है कि एस्ट्रोटर्फ ग्राऊंड का डंगा गिरा है; यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि खर्च की गई और इस डंगे के गिरने के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें ?

----

## एफ0आई0आर0 पर कार्रवाई

*1961 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर वन भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर FIRs दर्ज की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो कितनी ; और

(ग) इन FIRs पर अभी तक क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## Cement Plant

*1962 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to set up a cement plant in Chamba District;

(b) whether the Government has signed any MOU for such plant; if yes, when and with whom; and

(c) what is its latest position ?

----

## Replacement of Old Vehicles

*1963 **Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Officers in different Departments in Lahaul & Spiti are facing problems due to old & condemned vehicles given to them,

specially in departments, like Health, PWD, Police, IPH and Welfare etc;

(b)by when the old vehicles will be replaced in public interest; and

(c) details of total number of vehicles departement wise with their year of make and departments without vehicle be given?

----

## सांसद आदर्श ग्राम योजना

***1964 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मनाली गांव को 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' के लिए चुना गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन के लिए किस प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है; कार्य प्रणाली की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) नोडल अधिकारी कौन है; अब तक कितनी बैठकें आयोजित की गईं; और

(घ) सरकार द्वारा क्या गांव के पंचायत प्रतिनिधियों का कोई प्रशिक्षण शिविर भी लगाया गया; इसमें सरकार के किन-किन लोगों ने भाग लिया; ब्यौरा दें ?

----

## फायर हाइड्रेन्टस

***1965 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र शिमला के अन्तर्गत कितने फायर हाइड्रेन्ट्स (Hydrants) लगे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) उनमें से कितने सुचारू रूप से चल रहे हैं व कितने बन्द हैं; और

(ग) सरकार क्या बन्द फायर हाइड्रेन्ट्स (Hydrants) को पुनः बहाल करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो कारण ?

----

## लम्बित सड़कें

***1966 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में कांगड़ा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कें वन विभाग की भूमि की वजह से वर्षों से लम्बित हैं; उनकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## सिविल न्यायालय की स्थापना

***1967 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत चुवाड़ी में Lower Court खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## पारितोषिक वितरण समारोह

***1968 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के किस-किस विद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किए गए; और

(ख) इन समारोहों में कौन-कौन मुख्यातिथि थे; ब्यौरा दें ?

----

**शिमला: 171004.** | **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 17 मार्च, 2015.** | **सचिव।**